हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 06 मई 2019, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO. 07 : MIDDLE

बोटोक्स के उपयोग में बरतें सावधानी

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के त्वचा रोग विभाग और रुहेलखंड डर्मिटोलाजिकल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय बोटोक्स इंजेक्शन के प्रयोग के बारे में जानकारी देना था।

इस विषय पर एक हैंडऑन वर्कशाप का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ कार्यशाला के आयोजन सचिव डा. मधुर कांत रस्तोगी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के त्वचा रोग विभागाध्यक्ष डा. प्रतीक गहलौत, डा. नितिन मिश्रा, डा. मिनीषा थापा और संस्थान के प्राचार्य डा. एसवी गुप्ता मौजूद रहे। कार्यशाला में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि बोटोक्स इंजेक्शन का प्रयोग चेहरे की मांसपेशियों में कसावट लाने और झुर्रियों को हटाने के लिए किया जाता है। इसके उपयोग में सावधानी बरतें। प्रशिक्षक चिकित्सक डा. प्रिया पूजा और उनकी सहयोगी डा. इशिता राका ने इंजेक्शन के उपयोग की जानकारी दी।

एसआरएमएस में रविवार को एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।